झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा | पंचम् (बजट) सत्र

संख्या-11 | मंगलवार, दिनांक-01 मार्च, 2016 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 2.08 बजे अप० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही झारखण्ड मुक्ति मोर्चा एवं झारखण्ड विकास मोर्चा के माननीय सदस्यगण स्लोगनयुक्त अंगवस्त्र धारण कर पाँचवी जे.पी.एस.सी. के प्रकाशित परीक्षाफल को रद्द कर सी.बी.आई. जाँच कराये जाने की माँग को लेकर अपने-अपने स्थान पर खड़े हो गये तत्पश्चात् शनैः शनैः सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। आसन द्वारा बारम्बार उन्हें अपने स्थान पर बैठने हेतु आग्रह किया गया, लेकिन नारेबाजी एवं शोरगुल जारी रहा।

इस दौरान माननीय संसदीय कार्यमंत्री, श्री सरयू राय ने आग्रह किया कि यदि विपक्ष की ओर से कोई लिखित बात आती है, तो सरकार उसका जवाब देने के लिये तैयार है, परन्तु शोरगुल जारी रहा।

आसन द्वारा उन्हें संसूचित किया गया कि झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली में कतिपय नियमों के आलोक में सख्त से सख्त कार्रवाई की जा सकती है, परन्तु सदन की वेल में नारेबाजी एवं धरना जारी रहा। अतएव अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन **की कार्यवाही 11 बजकर 14 मिनट से लेकर 12.00 बजे मध्या० तक के लिये स्थगित कर दी गई।**

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

आसन से शून्यकाल के लिए पुकारा गया, लेकिन भारी शोरगुल होने लगा।

1. अनुमत विधेयक की सूचनाः-

झारखण्ड विधान सभा के वर्तमान सत्र में दिनांक- 18 फरवरी, 2016 को सभा में उद्भूत एवं पारित झारखण्ड विनियोग (संख्या-01) विधेयक, 2016 द्वारा दिनांक—— 24 फरवरी, 2016 को माननीया राज्यपाल महोदया द्वारा अनुमति प्रदान किये जाने तथा अधिनियम संख्या-07/2016 के रूप में अधिसूचित किये जाने विषयक प्राप्त सूचना को आसन के निदेश से सभा सचिव द्वारा पढ़ी गयी।

नियम- 110 के अनुसरण में वापसी का प्रस्ताव माननीय प्रभारी मंत्री(विधि), श्री सरयू राय द्वारा रखा गया जिसपर सभा की सहमति हुई।

3. वित्तीय कार्य:-

श्रीमती लोईस मराण्डी, माननीया मंत्री द्वारा **कल्याण विभाग (कल्याण प्रभाग)** से सम्बन्धित माँग पेश की गयी जिसपर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। साथ ही माननीया मंत्री महोदया द्वारा वित्तीय वर्ष-2016-17 के वार्षिक बजट में महिलाओं के विकास हेतु महिला-केन्द्रित कार्यक्रमों के लिए प्रस्तावित उपबन्ध भी **''जेण्डर बजट''** के रूप में पेश की गयी।

(भारी शोरगुल)

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

4. वित्तीय कार्य(क्रमांक-3 से जारी):-

सरकार की ओर से श्रीमती लोईस मराण्डी, माननीय मंत्री ने उत्तर दिया तत्पश्चात् श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ एवं **कल्याण विभाग (कल्याण प्रभाग) की माँग** सदन द्वारा स्वीकृत हुई। इसके उपरांत सभा की कार्यवाही बुधवार, **दिनांक- 02.03.2016 के 11.00** बजे पूर्वा० तक के लिये स्थगित की गई।

राँची,

दिनांक- 01, मार्च, 2016 ई०।

बिनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

—x—x—